पंजीकृत / ई–मेल

प्रेषक,

संयुक्त शिक्षा निदेशक
एवं सदस्य सचिव (मण्डलीय समिति)
द्वादश मण्डल, मुरादाबाद।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र–2, समुदाय केन्द्र, प्रीत विहार,
नई दिल्ली।

पत्रांकः एन0ओ0सी0 / /2023–24 दिनांकः 26/05/2023

विषयः माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, बैराज रोड, बिजनौर के नाम से जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र में विद्यालय का नाम मैरिटा पब्लिक स्कूल, बैराज रोड, बिजनौर किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रधानाचार्य, माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, बैराज रोड, बिजनौर ने अपने पत्र दिनांक 27.04.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि माउण्ड लिट्रा जी स्कूल, बैराज रोड, बिजनौर ने कतिपय कारणों से जी लर्न लिमिटेड के साथ अपना अनुबन्ध समाप्त कर दिया है, इसलिए विद्यालय ट्रस्ट ने विद्यालय का नाम परिवर्तित करके अपने ट्रस्ट मैरिटा वेलफेयर ट्रस्ट के नाम पर मैरिटा पब्लिक स्कूल रखना प्रस्तावित किया है इस कारण अनापत्ति प्रमाण–पत्र में विद्यालय का नाम परिवर्तित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त पत्रावली मण्डलीय समिति की बैठक दिनांक 23.05.2023 में प्रस्तुत की गई जिसमें समिति द्वारा विद्यालय को जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिनांक 07.01.2022 में **विद्यालय का नाम माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, बैराज रोड बिजनौर के स्थान पर मैरिटा पब्लिक स्कूल, बैराज रोड, बिजनौर** करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। उक्तानुसार अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय

(मनोज कुमार द्विवेदी)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
एवं सदस्य सचिव
द्वादश मण्डल, मुरादाबाद।

पृ0सं0: एन0ओ0सी0 / 1019-24 /2023–24 दिनांकः उक्तवत्।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– शिक्षा निदेशक (मा0) उ0प्र0 लखनऊ।
2– आयुक्त, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
3– जिलाधिकारी, बिजनौर।
4– जिला विद्यालय निरीक्षक, बिजनौर।
5– प्रबन्धक / प्रधानाचार्य, माउण्ट लिट्रा जी स्कूल, बैराज रोड, बिजनौर।

26/5/23

(मनोज कुमार द्विवेदी)
संयुक्त शिक्षा निदेशक
एवं सदस्य सचिव
द्वादश मण्डल, मुरादाबाद।